॥ राधे राधे॥

प्रेम सिर्फ अपने काम और ईश्वर से करो, क्योंकि ये दोनो कभी धोखा नही देते.!

# दौसा गजट

जयपुर, बांदीकुई, बालाजी, महवा, टोडाभीम, हिण्डौनसिटी, गंगापुरसिटी, श्रीमहावीरजी, बयाना, सवाईमाधोपुर, करौली में प्रसारित dausagajat121@gmail.com

॥ राधे राधे॥

दौसा गजट समाचार पत्र के संवाददाता बनने व एजेंसी लेने हेतु सम्पर्क करें :- गुलाब निवास, गुरूद्वारे के पास, जयपुर रोड़, दौसा

वर्ष 33 अंक :304 | दौसा शनिवार,22 मार्च , 2025 | दैनिक प्रातः कालीन | RNI NO: 54667/92 | पृष्ठ 6 मूल्य : 1रु.

## न्यूज इनबॉक्स

### अवैध खानों में अवैध खनन करते खाली ट्रेक्टर ट्रॉली को किया जब्त



**दौसा।** सैंथल थाना पुलिस व खनन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीतरवाडा की अवैध खानों में अवैध खनन करते खाली ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त किया है।

थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित टीम व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन करने वाले खाली ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त किया गया।

शुक्रवार को तीतरवाडा के पहाड़ों से अवैध खनन करने वाले खाली ट्रेक्टर मय ट्रॉली को ट्रेक्टर के चालकों द्वारा छोडकर भागने पर खनन विभाग व पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए खाली ट्रेक्टर मय ट्रॉली को जब्त किया गया। पुलिस टीम में

एएसआई उमराव, नरेश, कमलेश, हेमराज, जगनप्रसाद, खनिज अभियन्ता एलसी मीना व खनिज विभाग टीम रही।

### बेट्री चोरी के दो आरोपी को किया गिरफ्तार



**दौसा।** लालसोट थाना पुलिस ने चोरी के मुलजिमों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी श्रीकिशन ने बताया कि 17 जनवरी को प्रभाकर सैनी पुत्र रामफूल सैनी निवासी युको बैंक के पास डिडवाना हाल सहायक नाजिर न्यायालय अपर जिला एंव सैशन न्यायाधीश लालसोट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कोर्ट का कर्मचारी इन्द्राज मीना विद्युत नहीं होने पर जनरेटर चालू करने गया तो जनरेटर नहीं चला। देखने पर पाया कि जनरेटर में लगी हुई बेट्री गायब थी व तार कटे हुए थे। इसकी सूचना सहायक नाजिर को दी। न्यायालय परिसर में लगे हुए बड़े जनरेटर सेट में लगी हुई बेट्री चोरी हो गयी। पुलिस ने मुल्जिमो की तलाश की तो चोरी हुआ माल व मुल्जिम लोकेश मेहरा पुत्र राजेन्द्र मेहरा जाति बैरवा निवासी खोहरापाडा कस्बा लालसोट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। चोरी में शामिल शेष मुल्जिमान रितीक धोबी पुत्र राधेश्याम निवासी वार्ड नम्बर 18 नेहरु कोलोनी लालसोट हाल सुरक्षित नगर लालसोट, गणेश पुत्र कमल कंडेरा निवासी सरकारी अस्पताल के सामने लालसोट हाल श्याम नगर लालसोट को गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम में थानाधिकारी के साथ एएसआई रामकरण, सुमेर, लोकेश, प्रवीण कुमार थे।

### शहीद दिवस पर रविवार को दिलावरपुरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**दौसा।** अमर शहीद राजेंद्र प्रसाद मीना स्मारक दिलावरपुरा में 23 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु देशभक्तों की शहादत को याद करने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा द्य मीडिया प्रभारी जयसिंह मीणा व प्रबंध कमेटी अध्यक्ष श्री राम मीणा ने बताया कि 23 मार्च 1931 के दिन ब्रिटिश सरकार ने इन सभी देशभक्तों को फांसी दी थी और वह देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान हो गए जिनकी कुर्बानी को हम कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने शहीद दिवस के कार्यक्रम में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है ।

### पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 10 वांछितों को किया गिरफ्तार



**बांदीकुई।** पुलिस थाना बड़ी कार्यवाही करते हुए एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 10 वांछितों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक सागर राणा एवं वृत्ताधिकारी रोहिताश देवंदा के निर्देशन में थानाधिकारी जहीर अब्बास मय टीम ने अलग-अलग मामलों में कार्यवाही करते हुए पूर्व फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी एवं अन्य प्रकरणों में फरार अभियुक्तों के ठिकानों पर दबिश देकर 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार 10 में से दो आरोपी चेतन व अभय को पूछताछ के दौरान अन्य नकबजनी की वारदात का खुलासा हुआ। टीम में रामचंद्र उप निरीक्षक, बलवीर सिंह एएसआई रामचरण एएसआई , मुकेश हैड कांस्टेबल, कांस्टेबल शिवकुमार, सुरेश कुमार, मोनू, अंकित, दीपक, पप्पू राम, महिला कांस्टेबल उषा, एवं सरोज रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठपः अशोक गहलोत

**दौसा।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शुक्रवार को भरतपुर जाते समय कार्यकर्ताओं ने जिलेभर में कई जगह स्वागत किया।

दौसा में लालसोट बाईपास पुलिया के नीचे शहर अध्यक्ष घनश्याम भांडारेज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस दौरान मीडिया से रूबरू गहलोत ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में कुशासन दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं।

गहलोत बोले कि कांग्रेस की सरकार के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों सभी को पेंशन बढ़ाई गई थी।

अनेक लोक कल्याणकारी घोषणाएं की गई थी। लेकिन भाजपा की सरकार ने विकास की योजनाओं को बंद कर दिया और विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए। इससे प्रदेश की जनता पूरी तरह त्रस्त है। इससे पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज अवाना, नगर अध्यक्ष घनश्याम भांडारेज, रामनाथ राजोरिया, किरण दत्त शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष रुकमणी गुप्ता, रामेश्वर



प्रसाद बैरवा, खैरातीलाल बैरवा, राकेश नकवाल, राजेश सैनी, नरेंद्र जैमन,

कन्हैयालाल सैनी, रामनिवास गांगड्या, अमरसिंह प्रजापत, जगदीश पॉटर, जयंत मीणा, जितेंद्र नावारिया, जलजीत मीणा, शीतल चौबे, कैलाश गोठवाल, पीसी मीणा, बंटी मीणा, गोपराज महावर, साहिल खान, रहीस खान, हाशिम खान, प्रवक्ता मुकेश राणा सहित कार्यकर्ताओं ने गहलोत का स्वागत किया।

गहलोत ने मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए। जहां महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनका स्वागत किया। महंत निवास में भोजन करने के बाद गहलोत भरतपुर के लिए रवाना हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति द्वारा स्वागत किया गया। इससे पहले जिले के बॉर्डर पर, भांडारेज मोड़, दुब्बी, सिकंदरा चौराहा, डाबर ढाणी, मानपुर चौराहा, पीलोडी, पाड़ली, बालाजी मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

गहलोत के साथ दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा, टोडाभीम विधायक घनश्याम महर, बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा, पूर्व मंत्री ममता भूपेश, परसादी लाल मीणा, आरटीसीडी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व विधायक जोगिंदर अवाना आदि मौजूद रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भरतपुर जाते समय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तीन जगह किया स्वागत,अनेक धड़ों में बंटी दिखाई दी कांग्रेस

**महुवा।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जयपुर से भरतपुर जाते समय महुआ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाटोली,महुवा नेशनल हाईवे नंबर 21, व महुवा बाईपास होटल वृंदावन पैलेस पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा तीन जगह स्वागत सत्कार किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महवा की ओर ग्राम पाटोली में पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्वमुख्यमंत्री अशोक गहलोत कोमाला, दुपट्टा ,साफा ,पहनाकर स्वागत किया ग्रामीणों ने बालाजी महाराज की तस्वीर भेट की, अशोक गहलोत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इक्यावन किलो की माला पहना कर स्वागत किया, महिलाओं ने कलश बांधकर स्वागत सम्मान किया , कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए,अशोक गहलोत जी ने सभी का स्वागत सम्मान स्वीकार करते हुए सभी को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। वहीं पूर्व जिला प्रमुख अजीत सिंह महुआ के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर पंचायत समिति के समीप कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया इस अवसर पर विक्रम साथां, सादिक सैफी, पुष्पेंद्र साथां ,पुनीत तांबी, रामराज गुर्जर सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



वही महुआ कस्बे केभरतपुर बाईपास परहोटल वृंदावन पैलेस पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जयपुर से भरतपुर जाते वक्त प्रदेश कांग्रेस महासचिवजिला परिषद सदस्य छोटू राम मीणा सांथा, वपूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा माला साफा दुपट्टापहनाकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद की नारों के साथभव्य स्वागत सत्कार किया।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव छोटूराम सांथा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिनेश पाटोली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट विष्णुसिंह रौतहडिया, बबलू सैनी , जगदीश भारद्वाज, आसिफ महुवा, एडवोकेट विक्रम सिंह गुर्जर मंडावर, एडवोकेट घनश्याम अवस्थी, एडवोकेट ओमप्रकाश कुण्डारा, हरिओम हांडली, जगन डायरेक्टर, कांग्रेस युवा नेता लाजपत तंवर, नरेंद्र गुप्ता,शाहरुख,हरिमोहन, दुर्गा प्रसाद शर्मा,गबरुद्दीन ,सुनील शर्मा कमल सैनी, रूप सिंह सैनी, रामस्वरूप गुर्जर,, हरज्ञान गुर्जर,रामस्वरूप सैनी, उम्मेद सैनी, कल्याण सैनी, लोकेश मीना भजेडा, जयसिंह सैनी ,हरिमोहन समलेटी, बाबूलाल मीणा पूर्व सरपंच, मानसिंह पाटोली, भरत सिंह गुर्जर, राजू पटेल, हरिया सैनी, बाबूलाल बैरवा, दामोदर शर्मा, बाबूलाल गुर्जर, कैलाश गुर्जर , मोहरसिंह, लालचंद, सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने महवा उपखण्ड क्षेत्र में विभिन्न राजकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को महवा उपखंड क्षेत्र में विभिन्न जगह निरीक्षण किए। जिला कलक्टर ने दौरे के दौरान महवा उपखंड अधिकारी कार्यालय, बालाहेड़ी में उप तहसील कार्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं बालाहेड़ी उप तहसील के औचक निरीक्षण के दौरान प्रत्येक शाखा प्रभारियों से संबंधित शाखाओं में किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-फाइल



प्रक्रिया को शत प्रतिशत लागू करने के साथ ही आमजन के राजस्व संबंधित कार्यों को टाइमलाइन अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बालाहेड़ी उप तहसील में राजस्व से जुड़े सभी कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मंडावर पंचायत समिति के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज के काम मंडावर में ही करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बालाहेड़ी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बालाहेड़ी में ही पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लाभार्थियों को आवास की सुविधा जल्द से जल्द मिल सके। जिला कलक्टर ने महवा एवं मंडावर पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों के परिसीमन प्रस्तावों तथा नए राजस्व गांवों के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ चर्चा कर निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी मनीषा कुमारी मीणा, नायब तहसीलदार बालाहेड़ी सहित संबंधित जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### शीतला अष्टमी पर शीतला माता का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की

**दौसा।** शीतला अष्टमी पर शुक्रवार को महिलाओं ने शीतला माता का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया। इस दौरान शीतला मंदिरों में महिलाओं की जोरदार भीड़ रही। सुबह उजाला होने से पहले ही महिलाएं पूजन करने के लिए पहुंचने लगी। मंदिरों में भीड़ को काबू करने के लिए कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था बनाई। खारी कोठी स्थित शीलमंड, सोमनाथ मंदिर, जनता कॉलोनी, नेहरू पार्क के पीछे, रेलवे स्टेशन के सामने, ओंकारेश्वर मंदिर, सैंथल मोड़, शिव शक्ति नगर, गुप्तेश्वर रोड, गुप्तेश्वर मंदिर, बैजनाथ मंदिर सहित कालोनियों



व गली मोहल्लों में शीतला माता के मंदिरों में महिलाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने माता का पूजन किया। घरों में मंगल गीत गाए, विवाह व जन्मोत्सव के दौरान महिलाओं ने माता की विशेष पूजा अर्चना की। घरों में ठंडे पकवान बने, गणगौर पूजन करने वाली युवतियों व बालिकाओं ने दूल्हा दुल्हन के वेश बनाकर बिनोरी निकाली। बाग बगीचों में जाकर बास्योड़ा मनाया।

### योग शिविर का आयोजन 23 मार्च को

**दौसा ।** सिविल लाइन दौसा के योग साधना केंद्र पर 23 मार्च रविवार को प्रातः 5.30 से 7 बजे तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्य शिवरतन नायला जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एव सुरेश आमटेडा पतंजलि योग सेवा समिति के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा द्य मीडिया प्रभारी जयसिंह मीणा व श्री राम मीणा ने बताया कि सभी योग साधक भाई बहन परिवार सहित शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें द्य हमारा योग साधना केंद्र आपको स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है । अनुभवी योगाचार्यों के मार्गदर्शन में आसन, प्राणायाम, ध्यान और योगाभ्यास करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।हमारा मिशन- हर व्यक्ति को शारीरिक मानसिक एव आध्यात्मिक जीवन जीने का मार्ग सिखाता है तथा स्वस्थ, खुशहाल और शांतिपूर्ण जीवन देना है द्य आइए योग से अपने जीवन को संतुलित करें। करो योग रहो निरोग रहो। उन्होंने बताया कि इससे स्वास्थ्य लाभ होगा मानसिक विकारों से मुक्ति मिलेगी।

# अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध हिंडौन सदर थाना की बड़ी कार्यवाही,वांछित मुल्जिम महेश उर्फ नाकड को हिंडौन जेल से प्रोडेक्शन वारंट पर किया गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी( दौसा गजट )** ।अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध करौली जिले में चलाए जा रहे "ऑपरेशन स्मैक आउट"के तहत हिंडौन थाना सदर से थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया । टीम ने गत बर्ष 24 मई 2024 को पुलिस थाना कोतवाली हिंडौन सिटी पर दर्ज प्रकरण एनडीपीएस एक्ट



खेडलिया का पुरा के पास से मुलजिम राहुल सैनी पुत्र मुन्ना सैनी जाति माली उम्र 23 साल निवासी माली पाडा केशव पुरा थाना हिण्डौन सिटी को 18.84 ग्राम अवैध स्मैक जब्त की गई व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल को मौके पर ही जब्त किया गया। जिसका अनुसंधान थाना सदर थाना हिंडौन द्वारा किया जा रहा था उक्त प्रकरण में 20 मार्च को अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व खरीद फरोस्त मे वांछित मुल्जिम महेश उर्फ नाकड पुत्र छिग्गाराम उम्र 42 साल जाति माली निवासी माली पाडा केशव पुरा थाना हिंडौन सिटी को न्यायालय से प्राप्त प्रोडक्शन वारंट पर जैल हिण्डौन सिटी से प्राप्त कर अनुसंधान के बाद गिरफतार किया गया। मुलिजम की पूछताछ में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त अन्य मुल्जिमो के नामो की खुलाशा हेतु अनुसंधान जारी है।

### शांति भंग के आरोप में चार को किया गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी।** हिंडौन थाना सदर से थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि 20 मार्च को थाना हाजा के विभिन्न मामलों में शांति भंग के आरोप में गैर सायल 1. अनिल कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी अटक थाना सदर 2. राहुल पुत्र मोहनलाल निवासी अटक थाना सदर 3. शिवराम पुत्र मोतीलाल जाति गुर्जर निवासी घुसैटी थाना सदर 4. पिल्लू उर्फ रामगोपाल पुत्र बाबूलाल जाति जाट निवासी पोछरी थाना सदर हिंडौन सिटी को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया एवं सदर थाना क्षेत्र में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान लगातार जारी है ।

### राजकीय महाविद्यालय सूरौठ में 25 मार्च को होगी मिड टर्म परीक्षा

**हिंडौन सिटी( दौसा गजट )** । राजकीय महाविद्यालय सूरौठ में सत्र 2024 -25 में नियमित प्रवेश लेने वाले तथा परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले बीए फर्स्ट ईयर के सेमेस्टर प्रथम तथा बीए सेकंड ईयर के सेमेस्टर थर्ड के विद्यार्थियों की मिड टर्म परीक्षा 25 मार्च को आयोजित होगी। महाविद्यालय के नोडल प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली एवं नोडल अधिकारी डॉ अनिल अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय के सभी नियमित छात्र-छात्राएं जिन्होंने सत्र 2024- 25 के दिसंबर 24 की परीक्षा हेतु अपने परीक्षा आवेदन पत्र भरे हैं तथा महाविद्यालय में नियमित प्रवेश लिया है। उन सभी विद्यार्थियों की मिड टर्म परीक्षा स्थानीय कॉलेज में 25 मार्च को होगी। इसके अलावा सभी विषयों के असाइनमेंट की फाइल भी जमा की जाएगी।

# 06 ग्राम 67 मिलीग्राम अबैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करते हुये दो गिरफ्तार, कब्जे तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाईकिल जब्त

**हिंडौन सिटी( दौसा गजट )** । करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में चलाए जा रहे "ऑपरेशन स्मैक आउट"अभियान को सफल बनाने हेतु करौली जिले के सभी थाना अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में अधिक से



अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तहत हिंडौन सिटी सदर थाना सिटी थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। जिसके तहत 20 मार्च को थानाधिकारी शर्मा मय टीम द्वारा दौरान नाकाबंदी कटकड नदी कच्चा रास्ता के पास समय 6.20 पीएम पर मुल्जिम समंदर सिंह पुत्र निक्की जाति जाट उम्र 40 साल निवासी खेडला थाना बजीरपुर जिला सवाई माधोपुर व बाइक पर उसके पीछे बैठे दूसरा व्यक्ति सुरजन सिंह पुत्र समय सिंह जाति जाट उम्र 47 साल निवासी खेडला थाना बजीरपुर जिला सवाई माधोपुर के कब्जे से 6.67 ग्राम अवैध स्मैक जब्त की गई व घटना में प्रयुक्त वाहन को मौके पर ही जब्त किया गया । पूछताछ में मुल्जिम ने उक्त स्मैक को थाना बजीरपुर जिला सवाई माधोपुर से खरीद कर बेचने हेतु लाना बताया उक्त दोनो मुल्जिमो को मौके पर ही गिरफ्तार कर मामला एनडीपीएस एक्ट में कायम कर अनुसंधान थाना हिंडौन सिटी थानाधिकारी सूणीलाल द्वारा किया जा रहा है। प्रकरण में गिरफ्तार दोनों मुल्जिम से पूछताछ में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त अन्य मुल्जिमो के नामो की खुलाशा हेतु अनुसंधान जारी है ।